संख्या–04/2023/001-2231-24-1-2022-862 BUDGET-2014

प्रेषक,

प्रभंजन यादव,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,
शक्ति भवन, लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग–1 लखनऊ : दिनांक 12 जनवरी, 2023

विषय:– वित्तीय वर्ष 2022-23 में उदय योजना के अन्तर्गत विद्युत वितरण कम्पनियों की हानियों की फण्डिंग हेतु उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 को अतिरिक्त राजस्व अनुदान की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक (वित्त), उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0 के पत्र संख्या–1398/अधि0नि0(वित्त)/विप्र–2/आय–व्ययक/2022-23/426, दिनांक 13 दिसम्बर, 2022 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में ऊर्जा विभाग के अनुदान संख्या–9 के लेखाशीर्षक 2801-05-800-05-20 में उदय योजना के अंतर्गत विद्युत वितरण कम्पनियों की हानियों की फण्डिंग हेतु कुल प्राविधानित धनराशि रूपये 8007,72,00,000/- (रूपये आठ हजार सात करोड़ बहत्तर लाख मात्र) के सापेक्ष अवशेष धनराशि रूपये 3007,72,00,000/- (रूपये तीन हजार सात करोड़ बहत्तर लाख मात्र) स्वीकृत कर आहरित किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष अनुमति प्रदान करते हैं।

नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों

(1) उक्त प्रस्तर–1 में स्वीकृत धनराशि का आहरण माह जनवरी, 2023 में धनराशि रूपये 1007,72,00,000/- (रूपये एक हजार सात करोड़ बहत्तर लाख मात्र) एवं अवशेष धनराशि रूपये 2000,00,00,000/- (रूपये दो हजार करोड़ मात्र) को माह फरवरी, 2023 एवं माह मार्च, 2023 में धनराशि रूपये 1000,00,00,000/- (रूपये एक हजार करोड़ मात्र) की दो समान मासिक किश्तों में माह के प्रथम सप्ताह में किया जायेगा।

(2) उक्त प्रस्तर–1 में स्वीकृत धनराशि का आहरण वास्तविक आवश्यकता होने पर किया जायेगा।

(3) उक्त प्रस्तर–1 में स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु कारपोरेशन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–5 भाग–1 के प्रपत्र संख्या–42जी/शुद्ध पत्र संख्या–426, दिनांक 13 जुलाई, 1971 द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर बिल बनाया जायेगा तथा तत्संबंधी बिल ऊर्जा अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन को प्रतिहस्ताक्षर हेतु उपलब्ध कराया जायेगा।

(4) प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष समय-समय पर व्यय की गयी धनराशि का सम्पूर्ण विवरण यथा कोषागार का नाम जहाँ से धनराशि आहरित की गयी है, बाउचर संख्या, आहरण की तिथि, लेखाशीर्षक आदि तथा आहरित धनराशि के संबंध में उपयोगिता प्रमाण-पत्र महालेखाकार, उत्तर प्रदेश लखनऊ/प्रयागराज और ऊर्जा विभाग तथा वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को नियमानुसार उपलब्ध कराने की बाध्यता होगी।

(5) इस शासनादेश में निर्धारित विशिष्ट शर्तों का अनुपालन निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

(6) उक्त धनराशि स्वीकृत करने में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 07 जून, 2022 एवं वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2 के शासनादेश दिनांक 14 दिसम्बर, 2022 में उल्लिखित शर्तों/प्रतिबन्धों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

(7) विद्युत वितरण कम्पनीयों को की जा रही हानियों की प्रतिपूर्ति की धनराशि के सही होने की पुष्टि उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 कर लेंगे ।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 30,07,72,00,000 (रुपये तीस अरब सात करोड़ बहत्तर लाख मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20222023 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 009 **लेखा शीर्षक** 2801058000500 उदय योजना के अन्तर्गत विद्युत वितरण कम्पनियों की हानियों की फंडिंग **मानक मद** 20 सहायता अनुदान - सामान्य (गैर वेतन) के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या E-10-124-X-2022-23-दिनांक:9-1-2023 मे प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

प्रभंजन यादव
अनु सचिव।

संख्या-04 /2023 /001-2231-24-1-2022-862 BUDGET-2014, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एव हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज-211001
2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0, सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज-211001
3- महालेखाकार, (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठवां तल, केन्द्रीय वन,सेक्टर-एच, अलीगंज, लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, लखनऊ।
5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-10/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
6- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

प्रभंजन यादव
अनु सचिव।